आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 25.10.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– जीएसटी बचत उत्सव ने दीपावली के त्योहार के दौरान मांग, उत्पादन और रोज़गार को बढ़ावा दिया है।
- कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के खिर्सू विकासखंड में शिक्षा, पेयजल और सड़क निर्माण से जुड़ी 17 योजनाओं का शिलान्यास किया। कहा– सरकार गांव–गांव तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध।
- गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रदेश की चीनी मिलों को आगामी पेराई सत्र की सभी तैयारियाँ 31 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।
- रेलवे, त्योहारों के दौरान भीड़ को देखते हुए अगले तीन दिनों में नौ सौ से ज़्यादा विशेष रेलगाडियां चलाएगा।

जीएसटी बचत उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जीएसटी बचत उत्सव ने दीपावली के त्योहार के दौरान मांग, उत्पादन और रोज़गार को बढ़ावा दिया है। इससे अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है। नई दिल्ली से 17वें राष्ट्रीय रोज़गार मेले को वर्चुअली संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

जीएसटी में हालिया सुधारों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों का प्रभाव उपभोक्ता बचत से कहीं आगे जाता है, क्योंकि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार रोज़गार के अवसरों का भी विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र और खुदरा व्यापार पर इन सुधारों के सकारात्मक प्रभाव का उल्लेख किया, जो अब विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, पैकेजिंग और वितरण में रोज़गार के नए अवसर पैदा कर रहे हैं।

खिर्सू विकासखंड

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पौड़ी जिले के खिर्सू विकासखंड में शिक्षा, पेयजल और सड़क निर्माण से जुड़ी 17 योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में विद्यालयों के सौंदर्यीकरण कार्य, पेयजल टैंकों का निर्माण और संपर्क मार्गों के निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि खिर्सू ब्लॉक में इन योजनाओं के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और जीवन स्तर, दोनों में सुधार होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी

बुनियादी सुविधाओं को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार गांव–गांव तक विकास पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्पेशल ट्रेनें

रेलवे ने त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए अगले तीन दिनों में नौ सौ से अधिक विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने का निर्णय लिया है। दीपावली और छठ पर्व मनाकर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए छह हजार से अधिक विशेष रेलगाड़ियाँ अधिसूचित की गई हैं।

देहरादून रेलवे स्टेशन पर आकाशवाणी से बातचीत में रेल यात्रियों ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में रेलवे का आधुनिकीकरण तेजी से हुआ है। यात्रियों का कहना है कि रेलवे में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, सरकार ने अतिरिक्त ट्रेनें चलाकर रेलवे में होने वाली भीड़ को नियंत्रित किया है, जिससे सफर और अधिक आरामदायक हो गया है।

**टोल–फ्री हेल्पालाइन नंबर**

केंद्र सरकार ने पोषण और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के टोल–फ्री हेल्पालाइन नंबर बदलने का निर्णय लिया है। अगले महीने की पहली तारीख से वर्तमान टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर 1 4 4 0 8 के स्थान पर नया हेल्पलाइन नंबर 1 5 1 5 होगा।

**पेराई सत्र**

गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रदेश की चीनी मिलों को आगामी पेराई सत्र की सभी तैयारियाँ 31 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। देहरादून में आयोजित बैठक में गन्ना मंत्री ने चीनी मिलों को पेराई सत्र 2025–26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

श्री बहुगुणा ने कहा कि वर्ष 2024–25 की तुलना में इस सत्र में कम से कम 65 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान चीनी मिलों द्वारा अपने संसाधनों से किया जाए, ताकि राज्य सरकार पर गन्ना मूल्य भुगतान की निर्भरता में कमी लाई जा सके।

नशा विरोधी अभियान

देवभूमि को नशा–मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए पुलिस का नशा–विरोधी अभियान जारी है। इसके तहत शासन और प्रशासन स्तर पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई भी जारी है। इसी क्रम में हरिद्वार और बागेश्वर जिलों में विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

बागेश्वर के पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चरस और स्मैक बरामद की है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और उनके नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, ताकि जिले को नशा–मुक्त बनाया जा सके।

## उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती अवसर पर राजधानी देहरादून में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। जिलाधिकारी सविन बसंल ने प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन तथा सैन्यधाम के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों व व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विभागीय उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ तैयारी की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, एमडीडीए, नगर निगम, विद्युत और वन विभाग के अधिकारियों को प्रस्तावित रूट सड़क मार्ग शहर के सौन्दर्यीकरण, सफाई, झूलती विद्युत लाईन, तथा गिरासू पेड़ों की लोपिंग को समय पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान पेयजल विभाग को प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों पर पेयजल आदि व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए कहा।

## ट्राउट बीज

मत्स्य पालन के साथ ही ट्राउट बीज का उत्पादन कर चमोली के काश्तकार अपनी आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं। जिले में एक हजार एक सौ पैंतीस काश्तकार को मत्स्य पालन विभाग की ओर से केन्द्र पोषित विभागीय योजनाओं के तहत ट्राउट रेसवेज निर्माण, फिश कियोस्क, ट्राउट हैचरी, रेफ्रिजरेटेड वैन जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

सहायक निदेशक मत्स्य रितेश कुमार चंद ने बताया कि वर्तमान में जिले के 350 से अधिक रेसवेज में ट्राउड मछली पालन का कार्य किया जा रहा है, जिससे लगभग 70 टन का उत्पादन प्रतिवर्ष हो रहा है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष करीब 4 लाख मत्स्य बीज का विपणन कर 8 लाख से अधिक की आय अर्जित हुई।

**आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चंपावत दौरे की खबर को सभी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रमुखता प्रकाशित किया है। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचर पत्र ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है कि– लैंड पोर्ट बनने से भारत–नेपाल के संबंध मजबूत होंगे। अमर उजाला की सुर्खी है– पंतनगर की तरह चंपावत में खुलगा उत्तराखंड का दूसरा कृषि विश्वविद्यालय।
- राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अमर उजाला लिखता है– प्रदेश के मेडिकल व नर्सिंग कॉलेजों में बढ़ेगी नर्सिंग की 1800 सीटें।
- प्रदेश में मौसम को लेकर दैनिक जागरण ने लिखता है– उत्तराखंड में रातें होने लगीं सर्द, दिन में तपिश बरकरार।
- राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय सहारा ने सुर्खी है– राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का दौरा प्रस्तावित, जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक।